हायर सेकेण्डरी की परीक्षाएं 10 एवं हाईस्कूल की 13 से

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अंतर्गत बोर्ड की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, हायर सैकेण्डरी की परीक्षा जहां 10 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं, वही

11 हजार 379 परीक्षार्थी 35 सेंटरों पर देंगे परीक्षाएं

हाईस्कूल 10वी की बोर्ड परीक्षाएं 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सभी व्यवस्थाएं चॉक-चौबंद की जा रही है तथा शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए सभी इंतजाम सुनिश्चित किये गये है। बोर्ड परीक्षाओं में कुल 11 हजार 379 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के लिए जिले में 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।

जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने बताया कि कक्षा 12वी की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होगी, इस परीक्षा में 4 हजार 678 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से शुरू होने वाली 10वी बोर्ड की परीक्षा में 6 हजार 701 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 35 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। नियमित विद्यार्थियों के लिए 33 तथा स्वाध्यायी छात्रों के लिए 02 परीक्षा केंन्द्र निर्धारित है। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। विद्यार्थियों से अपेक्षा की गई है कि वे प्रात: 8.30 बजे से पूर्व तक अपने परीक्षा केन्द्र पर पहुंच जायें। सभी परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष के अलावा कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला एवं ब्लॉक स्तर के पैनल भी बनाये गये है। अतिसंवेदनशील एवं संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर पर्यवेक्षक नियुक्त रहेंगे।

इन परीक्षा केन्द्रों पर होगी बोर्ड की परीक्षाएं

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षाओं के लिए कुल 35 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है, नियमित विद्यार्थियों के लिए शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर, सरस्वती विद्या मंदिर श्योपुर, अशासकीय अल्फा इंग्लिश हाई स्कूल श्योपुर, शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या शिक्षा परिसर ढेगदा, शासकीय मिडिल स्कूल सोईकलां, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, अशासकीय जगदम्बा हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर, शासकीय मिडिल स्कूल प्रेमसर, शासकीय हाईस्कूल ननावद, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल मानपुर, शासकीय हाई स्कूल जैनी, शासकीय मिडिल स्कूल दांतरदा कला, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय राजीव गांधी हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, अशासकीय सरस्वती ज्ञान मंदिर हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मॉडल हायर सैकेण्डरी स्कूल कराहल, शासकीय मिडिल स्कूल बरगवा, शासकीय मिडिल स्कूल सेंसईपुरा, शासकीय मिडिल स्कूल पहेला, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल आवदा, शासकीय मिडिल स्कूल आवदा, शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय गर्ल्स हायर सैकेण्डरी स्कूल विजयपुर, शासकीय मिडिल स्कूल श्यामपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल वीरपुर, अशासकीय श्री लीलाधर आदर्श विद्या मंदिर वीरपुर, शासकीय हायर सैकेण्डरी स्कूल गसवानी, अशासकीय सिद्धी विनायक डीएलएड कॉलेज गसवानी, शासकीय मिडिल स्कूल अगरा, शासकीय अम्बिका हायर सैकेण्डरी स्कूल इकलौद, शासकीय मिडिल स्कूल इकलौद शामिल है। स्वध्यायी विद्यार्थियों के लिए शासकीय उत्कृष्ट हायर सैकेण्डरी स्कूल श्योपुर एवं शासकीय हायर सैकेण्डरी (सांदीपनि) मॉडल स्कूल विजयपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

नौकरी का झांसा देने पर ठगी का मामला कायम

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। थाना बरगवां ठगी की घटना फरि अतरी जहार सिंह आदि उम्र 30 साल नि. मदनपुरा थाना बरगवां ने रिपोर्ट की कि दि. 28.02.26 के 11.00 से 16.10.25 के 14.02 बजे स्थान फरि के घर मदनपुरा पर आरोपी दुर्गाशंकर खरे नि. श्यो. आरोपी ने फरि को नौकरी का झांसा देकर 1,07,135 रू. की ठगी कर ली । दि. 01.02.26 के 19.37 बजे अप. क्र. 06/26 धारा 318,3 (4) बीएनएस कायम कर विवे. सउनि. वीरेन्द्र शर्मा को दी ।

सात लीटर अवैध कच्ची शराब जप्त : थाना देहात 07 ली. कच्ची शराब पकड़ी आरोपी रामभरत उर्फ फिरोज पुत्र किशन आदि. उम्र 28 साल नि. मायापुरा को दि. 01.02.26 के 14.00 बजे स्थान मायापुर मोड़ के पास ने कब्जे से अवैध 07 ली. कच्ची शराब कीमती 700/- रू. की जप्त की । दि. 01.02.26 के 16.11 बजे अप. क्र. 25/26 धारा 34 (1) आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

पुरानी रंजिश की बात को लेकर मारपीट : थाना कोतवाली मारपीट फरि. शाफीक उर्फ टौना पुत्र नूर मोहम्मद उम्र 40 साल नि. अग्रसेन कॉलोनी शिवपुरी रोड़ श्यो. ने रिपोर्ट की कि दि. 01.02.26 के 22.00 बजे स्थान सलापुरा नहर के पास आरोपी रवी शिवहरे नि. पुरानी अनाज मण्डी को पीछे श्यो. ने फरि. को पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की गालियां दी एवं जान से मारने की धमकी दी ।

खाद्य फोर्टिफिकेशन पर कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय आरवीएसकेवीवी, ग्वालियर की राज्य तकनीकी सहयोग इकाई (एसटीएसयू), न्युट्रिशन इंटरनेशनल, एवं एम्स भोपाल, के सहयोग से खाद्य फोर्टिफिकेशन पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश में पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु खाद्य सुदृढ़ीकरण की भूमिका, प्रक्रिया एवं आपूर्ति श्रृंखला को समझना तथा विभिन्न हितधारकों के मध्य समन्वय को मजबूत करना था।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला के दौरान डॉ रिचा मिश्रा, डॉ सलोनी, एआरसीएस आरडी पचौरिया, डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल, फूड इस्पेक्टर संजीव शर्मा, वरिष्ठ सहायक नॉन लालाराम जाटव, फूड सेफ्टी ऑफिसर धर्मेन्द्र जैन आदि उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने खाद्य सुदृढ़ीकरण के महत्व एवं वैज्ञानिक आधार, कार्यान्वयन प्रक्रिया एवं आपूर्ति श्रृंखला, प्रचलित भ्रांतियां एवं उनके निवारण तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में पोषण-संवेदनशील कृषि, खाद्य प्रणालियों की भूमिका तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को आगे बढ़ाने में संस्थागत सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए 7 से होगें पंजीयन

एमपी . किसान एप के माध्यम से मोबाइल से घर बैठे कर सकते है पंजीयन, जिले में 33 पंजीयन केन्द्र बनाए

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के लिए श्योपुर जिले में 33 पंजीयन केन्द्र बनाये गये है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 07 फरवरी से शुरू होगी, जो 07 मार्च तक जारी रहेगी।

पंजीयन की नि:शुल्क व्यवस्था श्योपुर जिले की 33 सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रों पर की गई है, इसके साथ ही एम.पी. किसान एप के माध्यम से भी निशुल्क पंजीयन किया जा सकता है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशन में श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन हेतु 33 केन्द्रों का निर्धारण किया गया है, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित इन पंजीयन केन्द्रों में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था बडौदा, सेवा सहकारी संस्था बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था नयागांव तेखण्ड, सेवा सहकारी संस्था राडेप, सेवा सहकारी संस्था लुहाड, वृहत्ताकार सहकारी संस्था फ्लिोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड़, सेवा सहकारी संस्था ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था रघुनाथपुर, विपणन सेवा सहकारी समिति वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था नागदा, सेवा सहकारी संस्था सोई कलां, सेवा सहकारी संस्था नागरगांवडा, सेवा सहकारी संस्था आसीदा, सेवा सहकारी संस्था बिजरपुर, सेवा सहकारी संस्था ननावद, सेवा सहकारी संस्था गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था दांतरदा कलां, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोठवा, सेवा सहकारी संस्था जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरूनावदा, सेवा सहकारी संस्था पाण्डोला शामिल है।

एक नजर में

21 क्वार्टर अवैध देशी शराब

श्योपुर, 2 फरवरी। थाना विजयपुर 21 क्वा. देशी प्लेन शराब पकड़ी आरोपी जितेन्द्र कुशवाह पुत्र राम निवास कुशवाह उम्र 28 साल नि. प्रहलाद पुरा थाना विजयपुर को दि. 01.02.26 के 11.30 बजे स्थान बारखेड़ा बायपास रोड़ तिराहा के पास विजयपुर अवैध रूप से 21 क्वा. देशी प्लेन शराब कीमती 2300/- रू. की रखे मिला । दि. 01.02.26 के 14.59 बजे अप. क्र. 39/26 धारा 34 (1) आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

यहां भी 25 क्वार्टर अवैध देशी शराब जप्त

श्योपुर। थाना विजयपुर 25 क्वा. देशी मशाला शराब जप्त आरोपी राममूर्ती पुत्र मुन्ना धाकड़ उम्र 40 साल नि. धामिनी थाना विजयपुर को दि. 01.02.26 के 12.40 बजे स्थान घमण्डी धाकड़ के ढाबा के पास पार्वती बड़ौदा विजयपुर अवैध रूप से 25 क्वा. देशी मदिरा मशाला शराब के कीमती करीबन 3250/- रू. के रखे मिला । दि. 01.02.26 के 15.18 बजे अप. क्र. 40/26 धारा 34(1) आब. एक्ट कायम कर लिया हैं।

पत्नी से बातचीत करने की बात पर गाली-गलौच, मारपीट

श्योपुर। थाना बड़ौदा मारपीट फरि. बिरजू उर्फब्रजमोहन पुत्र अमरलाल आदि. उम्र 35 साल नि. बांरा भैरू ने रिपोर्ट की कि दि. 01.02.26 के 14.00 बजे स्थान रफीक मुस. के घर के सामने आरोपीगण रफिक मुस., गब्बर मुस. नि. गण. बांरा भैरू बड़ौदा फरि. अपनी पत्नी से बातचीत कर रहा था तभी आरोपीगणों ने फरि को जातिसूचक गालियां दी एवं मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। दि. 01.02.26 के 01.02.26 के 16.36 बजे अप. क्र. 23/26 धारा 296 (ए), 115 (2), 351 (2),3(5) बीएनएस 3 (1) द, 3 (1) ध, 3 (2) व्हीए एससी/एसटी एक्ट कायम कर लिया हैं।

कांग्रेस का केंद्रीय बजट 2026 -27 के विरोध में प्रदर्शन

भोपाल। केंद्रीय बजट 2026-27 के विरोध में रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री अमित शर्मा ने किया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में झुनझुना लेकर बजट को प्रतीकात्मक रूप से झुनझुना बजट करार दिया. प्रदर्शन को संबोधित करते हुए अमित शर्मा ने कहा कि यह बजट महंगाई से त्रस्त आम जनता के लिए खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगार युवाओं, किसानों, महिलाओं और मध्यम वर्ग की जरूरतों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है. न तो महंगाई से राहत दी गई है और न ही करों में कोई ठोस छूट. महिलाओं की सुरक्षा और रोजगार सृजन के लिए भी बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं है.

सांस्कृतिक पुनरोत्थान का है बजट : लोधी

भोपाल। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे 'अमृत काल' की समावेशी विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है. राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट पर्यटन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को नई दिशा देगा. राज्य मंत्री लोधी ने बजट में 15 पुरातात्विक स्थलों को 'अनुभवात्मक पर्यटन केंद्रों' के रूप में विकसित करने और 10 हजार टूरिस्ट गाइडस के कौशल विकास की पायलट योजना की सराहना की. उन्होंने कहा कि 'नेशनल डेस्टिनेशन डिजिटल नॉलेज ग्रिड' की स्थापना से प्रदेश के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को वैश्विक पहचान मिलेगी.



राजस्व वसूली करने बकायादारों की सूची बनाएं : एसडीएम

मुरैना/जौरा, 2 फरवरी। राजस्व वसूली अभियान को लेकर अनुविभागीय अधिकारी जौरा शुभम शर्मा ने सोमवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की। इस बैठक में एसडीएम शुभम शर्मा ने कहा कि वित्तीय माह मार्च-2026 में वसूली कार्य को पूर्ण करने के लिए बकायादारों की सूची बनाएं। राजस्व वसूली को जमा करने में आनाकानी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की। इस बैठक में डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी, नायब तहसीलदार श्यामसुंदर सिंह, प्रमोद सिंह तोमर, राजस्व निरीक्षक सत्येन्द्र पांडे, राकेश कुलश्रेष्ठ, अजय शंकर शर्मा, सत्येंद्र तोमर, ओमप्रकाश आर्य सहित लिपिक एवं अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

आरबीएसके तहत होगा बालिका का नि :शुल्क उपचार

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एक बालिका का निशुल्क उपचार होगा। मानपुर निवासी 4 वर्षीय मूकबधिर बालिका रजनी पुत्री बल्लू सेन का अग्रवाल हास्पीटल ग्वालियर में निशुल्क आपरेशन कर कॉकलीयर इम्प्लांट किया जायेगा।

योजना के तहत आज 6 लाख 50 हजार की राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर आरबीएसके योजना प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर भी उपस्थित थी।

वंदेमातरम के साथ कार्यालयों में हुई कामकाज की शुरूआत

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में माह फरवरी 2026 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया।

इस अवसर अपर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, तहसीलदार श्रीमती मनीषा मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन जारी

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान गत 12 जनवरी से 31 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जायेगा।

आज 13 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद के निर्देशन में श्योपुर जिले की सभी 236 ग्राम पंचायतों में अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जारी है। इसके अलावा 19 कलस्टर स्तर के शिविर भी आयोजित किये जायेंगे, इसके उपरांत तीनों विकासखण्ड मुख्यालयों पर विकासखण्ड स्तरीय शिविरों का आयोजन होगा।

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों को उनकी पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने हेतु डोर टू डोर आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा शिविर भी लगाये जायेंगे। पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा किया जायेगा। इसके बाद कलस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में निराकरण से शेष आवेदनों तथा नवीन आवेदनों का निराकरण करने की कार्यवाही की जायेगी।

कलस्टर लेबिल पर निराकरण से शेष आवेदन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित शिविर में निराकरण के लिए रखे जायेंगे, इसके साथ ही नवीन आवेदन भी प्राप्त किये जायेगे, जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से हितग्राहियों को लाभ का वितरण किया जायेगा।

3 फरवरी को 13 स्थानों पर लगेंगे पंचायत स्तरीय शिविर

संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन जारी है, इसी क्रम में 03 फरवरी को श्योपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत दलारना कलां, अलापुरा, मकडवदा कलां, कुडायथा, नागदा, सेवापुर, राधापुरा, ढोटी, लाडपुरा में शिविर आयोजित किये जायेगे। इसी प्रकार 03 फरवरी को विजयपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खुरजान एवं सुठारा में शिविर का आयोजन होगा। कराहल विकासखण्ड अंतर्गत 03 फरवरी को ग्राम पंचायत मोरावन, सेमल्दा हवेली एवं सुबकरा में शिविर लगाये जायेगे। यह शिविर प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित होगे, शिविरों के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है तथा ग्राम स्तरीय दल में पटवारी, पंचायत सचिव, जीआरएस, आरएईओ, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि मैदानी अमले को शामिल किया गया है।

चंबल नहर हादसे में लापता ठेकेदार का मिला शव

नवभारत न्यूज
श्योपुर, 2 फरवरी। पांच दिन पहले चंबल नहर में एक बोलेरो गिर गई थी. हादसे में लापता हुए बिजली ठेकेदार रिंकू राठौर का शव आज बरामद कर लिया गया. ग्वालियर निवासी रिंकू राठौर का शव वीरपुर थाना क्षेत्र की पांचो कॉलोनी के पास चंबल नहर में उतराता हुआ मिला.सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकालकर जिला अस्पताल श्योपुर भिजवाया. यह हादसा पांच दिन पहले उस समय हुआ था, जब बिजली कंपनी के सहायक अभियंता और ठेकेदार रिंकू राठौर रात के समय चंबल नहर मार्ग से विजयपुर लौट रहे थे. इसी दौरान उनकी बोलेरो अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई थी. हादसे के बाद एई तैरकर बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन रिंकू राठौर नहर में डूब गए थे.

घटना के अगले दिन क्रेन की मदद से बोलेरो वाहन को नहर से बाहर निकाल लिया गया था, लेकिन रिंकू राठौर का कोई पता नहीं चला. इसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें लगातार चंबल नहर में सर्च ऑपरेशन चला रही थीं.

विंध्य क्षेत्र में जुटा प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व

विशेष संवाददाता
भोपाल/रीवा, 01 फरवरी. रीवा में सिंगरौली जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई.

बैठक में सिंगरौली, देवसर और चितरंगी विधानसभा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इसमें संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने और क्षेत्र में कांग्रेस की जमीनी उपस्थिति को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक के दौरान बूथ और ब्लॉक स्तर पर समन्वय बेहतर करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जोड़ने तथा भविष्य की राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए जनसंपर्क बढ़ाने के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ.

संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करने और स्थानीय मुद्दों से निरंतर जुड़ाव बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. इस बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया', एआईसीसी के सह प्रभारी रणविजय लोचाव, पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, सिंगरौली जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रवीण सिंह चौहान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) सरस्वती सिंह मरकाम और प्रदेश कांग्रेस महासचिव कविता पांडे सहित अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे. नेताओं ने एकजुटता, संगठनात्मक तैयारी और सतत जमीनी सक्रियता के माध्यम से सिंगरौली जिले में कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया.

भोपाल में रेलवे ट्रैक नवीनीकरण कार्य हुआ तेज

भोपाल,2 फरवरी . पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में मल्टी-ट्रैकिंग एवं अधोसंरचना विकास कार्यों के साथ-साथ अनुरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के नवीनीकरण कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा ट्रैक अनुरक्षण से जुड़े संरक्षा-आधारित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है.

उच्च स्थान हासिल करेगी भारतीय अर्थव्यस्था

भोपाल/ इंदौर/ बैतूल। केंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव श्रवण करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने इसे विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला और जनता के लिए महत्वपूर्ण बजट बताया.

प्रदेश में भाजपा के मंडल स्तर तक स्क्रीन लगाकर बजट का लाइव प्रसारण किया गया, जिसमें पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आमजन ने भाग लिया.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के डेली कॉलेज में केंद्रीय बजट सुनने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना पर आधारित है और आर्थिक प्रगति के साथ हर वर्ग की उम्मीदों को पूरा करेगा. उन्होंने कहा कि वस्त्र उद्योग में रिफॉर्म से मध्यप्रदेश के कपड़ा उद्योग को लाभ मिलेगा और राज्यों के लिए 1.40 लाख करोड़ रुपये के अनुदान से प्रदेश सहित अन्य राज्यों के विकास को बल मिलेगा. श्री खण्डेलवाल ने बजट को जनता के विश्वास पर आधारित विकास का बजट बताते हुए कहा कि यह चार वर्गों—गरीब, किसान, युवा और महिला—की आकांक्षाओं को पंख देगा और विकसित भारत, आत्मनिर्भरता व राष्ट्रनिर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. उन्होंने कहा कि करदाताओं को राहत, मध्यम वर्ग को सम्मान और सभी वर्गों को कई सौगातें मिली हैं. उन्होंने बजट को 'डर से मुक्त टैक्स व्यवस्था' की दिशा में बड़ा कदम बताया और एमएसएमई ग्रोथ फंड, ईएमएस के तहत क्षमता प्रोत्साहन, विनिर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और तीर्थ विकास जैसे क्षेत्रों में व्यापक प्रावधानों का स्वागत किया. भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने बताया कि 1 फरवरी से 15 फरवरी तक 'बजट प्रचार अभियान-2026' चलाया जाएगा, जिसमें प्रदेश, संभागीय और जिलास्तरीय कार्यक्रम, संवाद एवं पैनल चर्चा आयोजित की जाएंगी.